# MAGADH UNIVERSITY

**BODH-GAYA – 824234**
**(Examination Department)**

सेवा में,

**सभी प्रधानाचार्य महोदय,**
अंगीभूत एवं सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय,
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

**विषयः स्नातक प्रथम खण्ड परीक्षा सत्र–2022-25 का परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क जमा करने के सम्बन्ध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक, राजभवन सचिवालय एवं राज्य सरकार, बिहार पटना द्वारा प्रदत्त दिशा–निर्देशो के अनुपालनार्थ विश्वविद्यालय के विलम्बित सत्र को अद्यतन करने की दिशा में विषयांकित शैक्षणिक सत्र के प्रथम खण्ड की परीक्षा हेतु परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क जमा करने की निम्नलिखित तिथि निर्धारित की गई है।

| | महाविद्यालय में | विश्वविद्यालय मुख्यालय में |
|---|---|---|
| **बिना विलम्ब शुल्क के साथ** | **01/11/2023 से 08/11/2023 तक** | **10/11/2023** |
| **विलम्ब शुल्क के साथ** | **09/11/2023 से 14/11/2023 तक** | **16/11/2023** |

**नोटः–** परीक्षा प्रपत्र स्वीकार करने के पूर्व संबंधित महाविद्यालयों के लिए यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा की संबंधित महाविद्यालय राज्य सरकार, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित विनियमन के अन्तर्गत है, यथा पाठ्यक्रम अन्तर्गत विषयों का संबंधन सत्रान्तर्गत महाविद्यालय को संबंधन एवं सीटों का निर्धारण हो चुका है, महाविद्यालय द्वारा अग्रसारित किये जाने वाले परीक्षा प्रपत्र निर्धारित सीटों के अनुरूप है। उपर्युक्त निर्देशों व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्यान्वयन नहीं होने की स्थिति में संबंधित महाविद्यालय के परीक्षा प्रपत्र अस्वीकृत कर विधि सम्मत कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन स्वतंत्र होगी। इसके साथ ही उक्त आशय का एक शपथ–पत्र जो प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी द्वारा जारी किया गया हो, परीक्षा प्रपत्र समर्पित करते समय प्रस्तुत करना महाविद्यालायों के लिए अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रपत्र का शुल्क केवल बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से **Controller of Examinations, Magadh University, Bodh-Gaya** के नाम से देय होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात परीक्षा प्रपत्र एवं शुल्क किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं होगा। स्नातक प्रथम खण्ड 2021–24 का परीक्षाफल मगध विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जा चुका है, वैसे परीक्षार्थी जो स्नातक प्रथम खण्ड 2021–24 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहेंगे, वैसे परीक्षार्थी को परीक्षाफल प्राप्त नही होने पर परीक्षा प्रपत्र भरने हेतु विशेष अनुमति दी जायगी।

**कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाए।**

*माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार*

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।

**दिनांक 31.10.2023**

**ज्ञापांक CEO/6.44./23**

**प्रतिलिपि सूचनार्थः–**

1. नोडल पदाधिकरी के वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
2. माननीय कुलपति/प्रति–कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
3. संबंधित छात्र–छात्राएँ एवं जनसामान्य।
4. सभी संबंधित व्यक्ति।

31/10/23

परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।